तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **गोविन्द राजपुरोहित** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353900344790997	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
30/04/25	अपीलार्थी गोविन्द राजपुरोहित निवासी हाउस नं. 18, द्वितीय बी रोड, सरदारपुरा, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 19.02.2025 को ग्राम थोब तहसील ओसियां जिला जोधपुर के खसरा संख्या 1466 के बारे में Public Land Protection Commitee (PLPC) के द्वारा आज दिनांक तक की समस्त कार्यवाही की सूचना मय नोटशीट्स एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 389 दिनांक 22.04..2025 से बतलाया कि प्रार्थी चाही गई सूचना पत्रांक 373 दिनांक 21.04.2025 द्वारा उपलब्ध करवा दी गई। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.04.30 16:51:38 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 15013276